दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 72 मुरादाबाद, 01 July 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## योगी का एलान: यूपी के हर जिले में माफियाओं की भूमि पर बनेंगे गरीबों के आवास, सभी प्राधिकरणों को दिए निर्देश



लीडर रोड के प्रेस मैदान पर आयोजित सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया के कब्जे से खाली कराए गई भूमि पर बने आवास की चाबी लाभार्थियों को सौंपी। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज को कन्वेंशन सेंटर सहित कई विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई भूमि पर बने पीएम आवास योजना की चाभी लाभार्थियों को सौंपी। शुक्रवार को लीडर रोड प्रेस मैदान पर आयोजित सभा में सीएम ने कहा कि यूपी के हर जिले में प्रयागराज की तर्ज पर माफियाओं के कब्जे से भूमि खाली कराकर गरीबों के लिए आवास का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी जिलों के विकास प्राधिकरण को योजना पर अमल करने का निर्देश जारी किया। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के साथ खड़ी है, जबकि पहले की सरकारें माफियाओं के साथ खड़ी थी। माफिया खुलेआम लूट, अपराध और जमीन पर कब्जा करके लोगों से रंगदारी वसूलते थे और सरकारों उन पर कोई कार्रवाई नहीं करती थी। भाजपा सरकार ने माफियाओं की कमर तोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) को निर्देश दिया कि प्रयागराज में माफियाओं की जमीन खाली कराकर पत्रकारों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों और अध्यापकों सहित विभिन्न वर्ग के लोगों के लिए आवास योजना तैयार करे।

### 10 हजार लोगों की क्षमता वाला बनेगा कन्वेंशन सेंटर

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मांग पर सीएम योगी ने शहर में 10 हजार लोगों की क्षमता वाला कन्वेंशन हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसमें सभी प्रकार के धार्मिक, सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रम हो सकेंगे। पांच पांच हजार लोगों के दो कार्यक्रम और दो-दो हजार लोगों के कई कार्यक्रम इसमें एक साथ कराए जा सकेंगे। सीएम ने पीडीओ को इसके लिए भूमि चिन्हित करने के साथ ही डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। योगी आदित्यनाथने कहा कि दुनिया की सबसे पहली गुरुकुल महर्षि भारद्वाज आश्रम में था।

### गांवों में गरीबों के लिए बनेंगे 10 लाख आवास

ग्राम्य विकास विभाग की ओर से 10 नए आवास बनने वाले हैं। कहा कि आवासों की झड़ी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के विभाग से निकलने वाली है। उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्ष में 54 लाख गरीबों को आवास मिल चुके हैं। जो गरीब कभी सपना भी नहीं देखते थे कि उनका कभी आवास भी बन पाएगा आज वह उसे साकार होते हुए देख रहे हैं। एक गरीब को आवास मिल जाना उसके स्वावलंबन का आधार बनता है। उसके बच्चों और परिवार के लिए विकास का आधार बनता है। यह आवास योजना इसी का एक हिस्सा है।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

सीएम योगी के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, सांसद भदोही रमेशचंद्र बिंद, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, सांसद इलाहाबाद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, डॉ. वाचस्पति, प्रवीण सिंह पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, महापौर गणेश केसरवानी, सुनील मिश्र, भारत भूषण सिंह, विभव नाथ भारती, अश्वनी द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार, सीएम धामी बोले- जल्द लागू करने पर करेंगे विचार



उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर गठित कमेटी ने यूसीसी कानून के लिए अपना ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। कमेटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने से पहले राज्य के सभी वर्गों, धर्मों, राजनीतिक दलों से बातचीत करने का दावा किया है।

कमेटी को समान नागरिक संहिता पर 20 लाख से ज्यादा सुझाव मिले हैं। कमेटी ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि समान नागरिक संहिता पर अंतिम रिपोर्ट बनाने के लिए कम से कम 143 बैठकों का आयोजन किया गया। अंतिम बैठक 24 जून 2023 को दिल्ली में हुई थी, जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के लोगों से बातचीत कर उनकी राय ली गई थी. कमेटी ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि समान नागरिक संहिता पर अंतिम रिपोर्ट बनाने के लिए कम से कम 143 बैठकों का आयोजन किया गया। अंतिम बैठक 24 जून 2023 को दिल्ली में हुई थी, जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के लोगों से बातचीत कर उनकी राय ली गई थी। कमेटी को 20 लाख से ज्यादा सुझाव मिले हैं, तो उसने लगभग दो लाख लोगों से सीधे मिलकर इस मुद्दे पर उनकी राय जानी है। कमेटी ने कहा है कि रिपोर्ट तैयार करने के लिए उसने राज्य के हर जिले के हर समूह से बात की है और रिपोर्ट में सबकी बातों को समाहित किया गया है। कमेटी की सदस्य जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने कहा कि वे जल्द ही रिपोर्ट सरकार को सौंप देंगी। इसके बाद यह सरकार को तय करना है कि वह इसको लेकर अपना क्या रुख अपनाती है।

### सीएम ने कहा, जल्द लागू करेंगे कानून

वहीं, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि यूसीसी कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद इसे लागू करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने यूसीसी लागू करने को गौरव का क्षण बताया। धामी के बयान को देखते हुए माना जा रहा है कि राज्य जल्द ही समान नागरिक संहिता कानून लागू कर सकता है।

## 'मोदी को हराने भ्रष्टाचारी मिल रहे साथ', उदयपुर में विपक्षी एकजुटता पर बरसे शाह; कन्हैयालाल पर गहलोत से सवाल



गृह मंत्री शाह ने उदयपुर की एक रैली में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में चल रहे कार्यों का गुणगान करने के साथ कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि भाजपा ने अपने नौ साल के राज में हमेशा आदिवासी लोगों का सम्मान किया लेकिन कांग्रेस ने केवल इन लोगों को ठगने का काम किया। गृह मंत्री अमित शाह ने आज राजस्थान का दौरा किया। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने जहां पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में चल रहे कार्यों का गुणगान किया, वहीं कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि भाजपा ने अपने नौ साल के राज में हमेशा आदिवासी लोगों का सम्मान किया। मोदी ने हर वादा पूरा किया- उन्होंने कहा कि पहली बार देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी समुदाय से है। शाह ने कहा कि राजस्थान में जब से कांग्रेस की गहलोत सरकार आई है, राज्य में सुरक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने लोगों से जो भी वादे किए थे, वो पूरे किए। अमेरिका में भी गूंज रहा मोदी...मोदी.... शाह ने कहा कि पीएम मोदी जहां भी जाते हैं लोग उन्हें प्यार करते हैं।

शाह ने कहा हाल ही में पीएम मोदी अमेरिका गए थे, वहां के संसद में भी मोदी...मोदी गूंज रहा था।

### कन्हैयालाल की हत्या पर सवाल

शाह ने उदयपुर में हुई कन्हैयालाल की हत्या को लेकर भी गहलोत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार दंगा राज चला रही है। गृह मंत्री ने कहा कि अगर एनआईए जांच न करती तो आरोपी भी पकड़े न जाते।

### सीएम गहलोत को लिया आड़े हाथ

शाह ने राजस्थान के सीएम गहलोत को भी आड़े हाथ लिया।

उन्होंने कहा, गहलोत जी बिना बात इस उम्र में इधर-उधर घूम रहे हैं, उन्हें कोई इस सभा का वीडियो दिखाए तो उनको मालूम पड़ेगा कि उनकी सरकार के जाने का समय हो गया है। आज जो नजारा मेवाड़ की धरती पर मेरे सामने है वो बताता है कि 2023 और 2024 में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान केवल 90 एकलव्य विद्यालय थे, लेकिन मोदी सरकार में 2014 से अब तक 500 से अधिक एकलव्य विद्यालय बनाए जा चुके हैं।

## आरक्षण मिलने का विरोध भी बंद कर देना चाहिए... पसमांदा मुस्लिमों पर PM मोदी के बयान पर मायावती की टिप्पणी

मायावती ने शुक्रवार को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर अपना बयान जारी करते हुए कहा कि पीएम मोदी द्वारा भोपाल में बीजेपी के कार्यक्रम में सार्वजनिक तौर पर यह कहना कि भारत में रहने वाले 80 प्रतिशत मुसलमान पसमांदा पिछड़े शोषित हैं यह उस कड़वी जमीनी हकीकत को स्वीकार करना है जिससे उन मुस्लिमों के जीवन सुधार हेतु आरक्षण की जरूरत को समर्थन मिलता है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी द्वारा पसमांदा मुस्लिंमों को साधने की कवायद में तेजी देखी गई है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल के एक कार्यक्रम में पसमांदा मुस्लिमों का जिक्र करते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने फायदे के लिए मुस्लिम भाई बहनों को भड़का रहे हैं। प्रधानमंत्री के इस बयान पर बीएसपी चीफ मायावती ने उन्हें सलाह दी है ॉगिंग साइट ट्विटर पर अपना बयान जारी करते हुए कहा कि पीएम मोदी द्वारा भोपाल में बीजेपी के कार्यक्रम में सार्वजनिक तौर पर यह कहना कि भारत में रहने वाले 80 प्रतिशत मुसलमान पसमांदा, पिछड़े, शोषित हैं, यह उस कड़वी जमीनी हकीकत को स्वीकार करना है जिससे उन मुस्लिमों के जीवन सुधार हेतु आरक्षण की जरूरत को समर्थन मिलता है।उन्होंने कहा कि अब ऐसे हालात में बीजेपी को पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण मिलने का विरोध भी बंद कर देने के साथ ही इनकी सभी सरकारों को भी अपने यहां आरक्षण को ईमानदारी से लागू करते हुए बैकलॉग की भर्ती को पूरी करके यह साबित करना चाहिए कि वे इन मामलों में अन्य पार्टियों से अलग हैं।

### क्या कहा था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

भोपाल में मेरा देश सबसे मजबूत कार्यक्रम में शामिल होते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि भारत के मुसलमान भाई बहनों को ये समझना होगा कि कौन से राजनीतिक दल उनको भड़का कर उनका राजनीतिक फायदा ले रहे हैं। हम देख रहे हैं कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर ऐसे लोगों को भड़काने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड% लाओ लेकिन ये वोटबैंक के भूखे लोग... वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पसमंदों मुसलमानों का शोषण किया है लेकिन उनकी कभी चर्चा नहीं हुई। उन्हें आज भी बराबरी का हक़ नहीं मिलता।

## सपा विधायक और भाकियू चढूनी के अध्यक्ष ने जाना आजाद की सेहत का हाल, सीएम योगी पर किया तीखा हमला



भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर हुए हमले के बाद हर कोई उनका हाल जानना चाह रहा है। कई नेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर हाल जाना। वहीं, शुक्रवार को सपा विधायक अतुल प्रधान उनका हालचाल जानने पहुंचे। सपा विधायक अतुल प्रधान और भाकियू चढूनी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह शुक्रवार को चंद्रशेखर से मिलने पहुंचे। इस दौरान दोनों ने उनका हाल जाना। वहीं, चंद्रशेखर ने सीएम योगी पर हमला बोला है। कल शाम हुई थी अस्पताल से छुट्टी भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद की हालत में सुधार होने पर डॉक्टरों ने बृहस्पतिवार की शाम करीब 6-00 बजे उन्हें छुट्टी दे दी थी। इसके बाद परिजन उन्हें छुटमलपुर स्थित आवास पर लेकर पहुंचे। जहां चंद्रशेखर का हाल जानने वालों का तांता लग गया। कल से ही उनका हाल जानने के लिए लोगों की भीड़ लगी है। इस बीच कई नेता भी उनका हाल जानने पहुंचे। बता दें कि भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उन्हें बृहस्पतिवार की शाम को डिस्चार्ज कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह पंजाब से किसान नेता भाकियू चढूनी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी चंद्रशेखर से मिलने उनके आवास पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि देश का किसान चंद्रशेखर के साथ खड़ा है। चंद्रशेखर समाज के वंचित वर्गों की लड़ाई पूरी ताकत के साथ लड़ रहे हैं। उन पर हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द हमलावरों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करें। इसके बाद सपा के सरधना विधायक अतुल प्रधान भी चंद्रशेखर से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। भाजपा शासन में विपक्षी दलों के नेता भी सुरक्षित नहीं है तो फिर आम आदमी की सुरक्षा की बात क्या की जाए। उधर, चंद्रशेखर पर हमले के मद्देनजर उनके उनके आवास पर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। फतेहपुर थाना अध्यक्ष प्रमोद रावल ने बताया कि सुरक्षा में चार सिपाही और एक हेड कांस्टेबल तैनात किए गए हैं।वहीं, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि हिरासत में लिए गए तीन युवकों से अभी पूछताछ की जा रही है। हमले में प्रयुक्त हुई कार बरामद हुई है। इस कार के मालिक के बारे में भी जानकारी हासिल की जा रही है।

## संपादकीय Editorial

### Tomato black marketing

Today tomatoes are being sold at Rs.100-140 per kg in the country's retail market and on the street, so one remembers the time when the traders of agricultural markets gave the farmer's tomato a price of only Rs.1-2 per kg. . This is not an old era. Only 3-4 months have passed when the farmers were subjected to such economic exploitation and mental harassment. The farmer was considered a 'free animal'. Instead of giving him the fair price of the crop, he was humiliated by giving him a check of only Rs.2 or Rs.10. That too after 15 days check…! Some cases came to the fore that the commission agents of the mandis demanded payment from the farmer by making round-the-clock calculations. Farmers are still dependent on jobbers, so they are trapped in their trap. As a result, how can the income of the farmer increase? We are talking about 86 percent of the farmers who have only 2 hectares of land or are agricultural laborers. In such a situation, if the farmers are not compelled to commit suicide, then what should they do? How to run a household? How to sow the next crop? If you keep borrowing from middlemen, then one day you will become so indebted that everything can be auctioned! Neither any government intervened then nor is it able to stop this black marketing now. Poor farmers had to throw tomatoes on the road or he crushed his own crop under the tractor. The cost has gone, the crop has been destroyed, but the hoarders of the market have been fighting. Tomatoes, onions etc. are suddenly made expensive in a certain season. Don't know which regulatory authority takes this decision and tomatoes start selling at Rs.100-140 per kg across the country! Tomatoes are being sold at Rs 90-140 a kg in many markets of the capital Delhi. Till the first fortnight of June, tomatoes were available at Rs 30-35 per kg. Suddenly it started being sold at the rate of 80, 100 and then 140 rupees per kg. The retailer has only one excuse that it is coming from the mandi itself. Arguments were then given that the supply of tomatoes has been blocked due to rain, hence tomatoes have reduced, as a result they are being sold at a higher price. Many states of India grow tomato and get two crops in a year. It is estimated that this time 2 lakh tonnes of tomatoes have been produced. Where did all that crop go? If tomatoes are being sold expensive, will farmers also get the benefit? Our answer is that not at all. If the traders of mandis collectively buy tomatoes at the rate of Rs.10 per kg and still it is sold for Rs.120-140, then in whose pocket would the rest of the money go? It is obvious that the traders who are involved in black marketing and hoarding of tomatoes go into their vaults. This absurd argument has also been given that instead of destroying the tomato crop, farmers should keep it in cold storage and sell their crop at the right time. So he can get more profit, but there are separate provisions in the Mandi Act that purchases can be made only from licensed mandis. A law was brought so that farmers could sell their crops in the open market, against which the farmers' movement was launched for almost a year. Ultimately the Prime Minister had to withdraw all those three laws and they had to be rejected through the Parliament. Tomatoes are also eaten in salads and added to vegetables. Tomato is essential for every kitchen and household. If the buyer of one kilo of tomato starts buying only 250 grams, then it would also mean that the common man is reducing his expenditure. It will also affect the country's economy, because along with okra, ginger, chili, cauliflower, pulses of tur and arhar are also expensive. A lot is expensive, so the retail inflation rate of 4.25 per cent that the government is promoting seems fake. The upcoming Lok Sabha elections are not far away.

## Consent-Disagree: Punishing sex offenders will not change the picture, change in thinking is necessary

From religion to society, there is dominance of masculinity everywhere. In such a situation, where does the question of caring for the rights of women and their will and reluctance arise! Unless the attitude of the society towards women changes, mere punishment of sex offenders is not going to change the picture. The frequent incidents of rape are such a harsh reality of the Indian subcontinent that it cannot be ignored. Rape is also a malevolent way of punishing girls, women. But men are rarely punished for rape. Forced physical contact with wives without consent is common in the subcontinent, for which husbands feel no guilt, let alone punishment. Although the term 'marital rape' has also come here from the West, and it is also discussed, but such women will be counted on the fingers, who file complaints against their husbands on the basis of this.

In a patriarchal society, not only men, but women also believe that husbands have the right to have physical contact with their wives and that women should obey their demands. The thinking of our society is also that women cannot have any will of their own in such matters, nor should they be. Yes, if the woman is not the wife of that man, then there is justification to oppose her. But in the case of physical contact, wives must obey the demands of their husbands. While every physical contact without the consent of the woman is called rape. When a non-man making physical contact with a non-woman is called rape, why should it not be so in the case of husband and wife! Does a woman's desire-reluctance, consent-disagreement have no meaning?

Does getting married mean that a man has a right over a woman's body and mind to beat her whenever he wants, and forcefully make physical contact with her? Significantly, in backward countries, forced sex by husband without wife's consent may not be considered a criminal act, but in civilized countries, husbands have to go to jail for this crime. However, in the course of time, many backward countries change their regressive rules-laws and traditions and bring themselves into the category of civilized countries. But there are some backward countries, who do not want to change according to the times, where the seven bloods of men are forgiven. In such countries, the husband is considered as the master or master and the wife as the slave. Not just a slave, but also a sex slave. This is the reason why marital rape is not considered very seriously in our country.

Obviously, when a large part of the malevolent society will not consider it a crime, then where does the question of seriously considering it arise! The extent is that even in the current 21st century, when modern and humanistic ideas have changed many of the earlier beliefs, marital rape is not considered a crime, especially in backward countries. From religion to society and law and order - there is dominance of malevolence everywhere. Then where does the question of caring for the rights of women and their will and reluctance arise! In the Indian subcontinent, women are told from childhood that their dharma is to obey their husbands, to obey their orders.

This is what the elders of the family, religious education and ethics teach and explain to girls, so that after marriage, when they go to their in-laws house, they show proper manners, obey their husband, do not think about their will or reluctance. etc etc. The harsh truth is that not much changes in a patriarchal society. Such a society remains inert or stable for a long time. For this reason, it is seen that the face of patriarchy in the seventh century, its face is more or less the same in the 21st century, there has not been much change in it. There have been continuous crimes in the male supremacist society.

This society did not hold back in spreading violence as soon as it got a chance. Far from talking about equal rights, this society does not hesitate to target those who talk about taking steps in this direction. The surprising thing is that despite keeping the characteristics like humanity and equal rights for centuries, people are not seen as attackers on such a society. People who believe in the male supremacist system have proved time and again that for them male supremacy is everything, they consider physical and sexual oppression of women as natural. Even today, it is evident from the escape of powerful people who physically misbehave with girls and women, even their hair is not bald.

In most of the crimes against women, it is seen that if they do not talk, walk together or agree to physical contact, then they are killed or acid is poured on their face. Is it possible to change this situation? In backward countries and societies, will the time never come to give importance to the consent-disagreement of women and to consider them as human beings? If this situation is going to continue, then it will definitely be a great disappointment for humanity. But there are such men in the male dominated society, for whom the consent-disagreement of women and their sensitivities are important, who are not governed by male supremacy, but by intelligence and sensibilities. But I do not know in which caves such men hide, who do not stand up to oppose the inhuman and anti-equal rights patriarchal system.Would have been Obviously, merely punishing those who commit atrocities on women will not work. We have seen that even harshest punishment has not been able to reduce the crimes against women. Crimes are committed on women, because the patriarchal society in a way considers it as their right. Therefore, until our society changes, until it does not give importance to the will and reluctance of women, a pleasant change is not possible.

---

## Chenab Valley: If facilities increase, tourism increases, successful organization of G-20 summit raises hope

Due to lack of facilities like accommodation and food in Chenab valley, tourists come less. So facilities should be increased. The beautiful region of Jammu and Kashmir is already known for its natural scenery and rich cultural heritage, but now the successful hosting of the G-20 summit has provided a unique opportunity to highlight the region's tourism potential on a global platform Is. Taking full advantage of this, the administration of this Union Territory has started implementing new initiatives and schemes to attract tourists. By the way, Jammu and Kashmir is known from the Kashmir Valley along with Chenab Valley, Poonch Valley etc. and many other valleys, where nature seems to have sacrificed everything.

But there are many tourist places in Chenab Valley, which have become the center of entertainment for tourists. Bhaderwah, a famous tourist destination under Chenab Valley, is also known as 'Mini Kashmir'. Bhaderwah is 200 kms from Jammu, the main roadways are very good and tourists travel from Jammu to Batote by 'Four Lane Highway'. Green and deep plains, milk-like cold water springs, long pastures and snow-capped high mountains attract tourists here. The 'Joy Valley' of Bhaderwah is most popular among the tourists. But due to the apathy of the tourism department, a large number of tourists are still unaware of this beautiful place. In this regard, 30-year-old Nitin Kumar, a resident of Doda, says, 'At present, tourists have to buy tents to stay here, because there is no proper accommodation. There is no proper arrangement for food and drink.

Doda district is beautiful from every point of view. 'Chinta Valley', which adds to its beauty, is situated at an altitude of 6,500 feet above sea level, which is surrounded by dense forests. There are also many tourist spots here. Thuba Point on Chinta Nahla of Chinta Valley is the highest point of Bhaderwah.

Another beautiful place situated 40 km from Bhaderwah is Bal Padri, which is a beautiful picnic spot, where tourists enjoy snowfall and horse riding. There is a lot of snow here in the winter season. The most beautiful time to visit here is May, June and July. Arjun Thakur, a resident of Doda Balesa, says that it is one of the most beautiful places in Doda. But there is no better arrangement for tourists to stay in Bal Padri. Tourists coming here bring their own tents to stay, otherwise they may have to spend the night under the open sky. Since this is a trekking place, if there is proper arrangement for accommodation and food here, then the number of tourists will also increase. Agriculture is the main occupation of the people of Chenab Valley. But if the tourist places here are improved and all the facilities are provided for the tourists, then this place will emerge on the tourism map and new means of employment will also be available for the local people. Kajal Kumari, a 28-year-old local resident, says,

"If the tourist places of Chenab valley are developed, it will improve the economic condition of the people here. Due to development, this area can be connected to other places of the country as well. Tourism generates employment and also uplifts the standard of living of the people. There are many reasons for the low number of tourists in Chenab Valley, such as lack of necessary facilities and lack of facilities like accommodation and food.

To make the Chenab Valley tourism friendly, there is a need for coordination and development of necessary infrastructure related to the tourism industry. In this regard, Jammu and Kashmir's Tourism Secretary Syed Abid Rashid Shah says, 'We are continuously trying to do new and unique things for the tourists coming to Jammu and Kashmir. Continuous efforts are going on towards achieving this goal.

Now only time will tell how much Chenab Valley and its tourism can be developed. (Charkha Feature)

# जिन्हें चलना था समय से वो भी हो रहीं लेट; मुरादाबाद रेल मंडल की लापरवाही से यात्री परेशान



मुरादाबाद-बाधा रहित बिजली उत्पादन बनाए रखने के लिए रेलवे कोयला की मालगाड़ी को प्राथमिकता के आधार पर चला रहा है। इसके अलावा खाद्यान्न की ढुलाई बढ़ गई है। मंडल में प्रत्येक दिन 225 से अधिक मालगाड़ी चल रही हैं। मंडल रेल प्रशासन कम समय में अधिक मालगाड़ी उपलब्ध कराने के लिए खाली गाड़ियों को लांग हाल ( दो से अधिक ट्रेनों को जोड़कर ) बनाकर चला रहा है। अधिक से अधिक मालगाड़ी चलाने के लिए रेल प्रशासन ने ट्रेनों को पर ध्यान देना बंद कर दिया है। राइट टाइम चलने वाली ट्रेनों को लेट किया जा रहा है। हालत यह है कि ट्रेनें तीन घंटे के बजाय पांच घंटे में आनंद विहार पहुंच रही हैं। बाधा रहित बिजली उत्पादन बनाए रखने के लिए रेलवे कोयला की मालगाड़ी को प्राथमिकता के आधार पर चला रहा है। इसके अलावा खाद्यान्न की ढुलाई बढ़ गई है। मंडल में प्रत्येक दिन 225 से अधिक मालगाड़ी चल रही हैं। मंडल रेल प्रशासन कम समय में अधिक मालगाड़ी उपलब्ध कराने के लिए खाली गाड़ियों को लांग हाल ( दो से अधिक ट्रेनों को जोड़कर ) बनाकर चला रहा है।

## एक नहीं दो नहीं कई घंटे हो रहीं लेट

लांग हाल मालागाड़ी की गति धीमी होती है, इससे पीछे चलने वाली ट्रेनों को बीच रास्ते में रोकना पड़ता है। मुरादाबाद रेल मंडल के सीमा में निर्धारित समय पहुंचे वाली ट्रेनों कई घंटे लेट हो जाती है। उदाहरण के लिए लालकुंआ से आनंद विहार जाने वाली एक्सप्रेस मुरादाबाद रेल मंडल की सीमा कटघर स्टेशन पर गुरुवार सुबह 7¬22 बजे निर्धारित समय पर पहुंच गई थी। नौ मिनट में ट्रेन को सुबह 7¬35 बजे मुरादाबाद स्टेशन पहुंचना था। मालगाड़ी के कारण कटघर में रोक दी गई और मुरादाबाद स्टेशन 40 मिनट यानी सुबह 8¬08 बजे पहुंची।

## सुबह पहुंचने वाली ट्रेनें दोपहर को पहुंच रहीं

मुरादाबाद से चलने के बाद इस ट्रेन को बीच रास्ते में रोका जाने लगा। जिसके कारण यह ट्रेन आनंद विहार सुबह 10¬40 बजे के बजाय दोपहर 1¬25 बजे पहुंची। ट्रेन 3.17 घंटे के बजाय पांच घंटे में ट्रेन पहुंची। इसी तरह से लखनऊ से निर्धारित समय पर चलने वाली ट्रेनें पांच घंटे के बजाय नौ घंटे में मुरादाबाद पहुंच रही है। इसके कारण गुरुवार को तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस छह घंटे, सहरसा-आनंद विहार एक्सप्रेस तीन घंटे, बनारस जाने वाली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस तीन घंटे, देहरादून जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस छह घंटे, गुवाहटी जाने वाली लोहित एक्सप्रेस नौ घंटे, दानपुर जाने वाली जनसाधारण एक्सप्रेस चार घंटे, फिरोजपुर जाने वाली किसान एक्सप्रेस, अमृतसर जाने वाली जलियावाला बाग एक्सप्रेस चार घंटे, आनंद विहार से गाजीपुर जाने वाली एक्सप्रेस चार घंटे, योगनगरी जाने वाली दून एक्सप्रेस तीन घंटे, सियालदाह एक्सप्रेस तीन घंटे, राज्यरानी एक्सप्रेस तीन घंटे देरी से गई है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# गंगा नदी में पानी छोड़े जाने से बढ़ी सतर्कता, कंट्रोल रूम से नदी तटों पर बनी बाढ़ चौकियों से ली जा रही रिपोर्ट



मुरादाबाद- मानसून की वर्षा की अटकलों के बीच गंगा नदी में पानी छोड़ा जाना शुरू हो गया है। पहले दिन हरिद्वार से करीब 32,000 क्यूसेक पानी छोड़े जाते ही मुरादाबाद में सिंचाई विभाग सतर्क हो गया। कंट्रोल रूम से नदी तटों पर बनी बाढ़ चौकियों की निगरानी शुरू हो गई। हालांकि जिले में गंगा नदी का सीधा असर नहीं है। जबकि रामगंगा, कोसी और गागन नदी का जलस्तर क्षेत्र में काफी नीचे है। मानसून को देखते ही प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गईं हैं। हरिद्वार से गंगा नदी में पानी छोड़े जाने की सूचना के बाद से सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग की सतर्कता देखी गयी। मंडल मुख्यालय स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष से कर्मचारी नदी तटों का जल स्तर नोट करने लगे। मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, बृजघाट, नरौरा आदि क्षेत्रों की रीडिंग मुख्यालय भेजी गई। मौसम विज्ञान विभाग ने इन दिनों तेज वर्षा की संभावना जताई है। लेकिन, गुरुवार का दिन आंशिक वर्षा और भारी उमस के बीच गुजर गया। लोग बारिश के साथ नदियों के तट की ओर नजर लगाए देखे गए। किसान, खेतिहर और प्रशासनिक अधिकारी मौसम पर नजर रखे हैं। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र का कहना है कि बारिश होने से नदियों के जलस्तर में बढ़त होती है। फिलहाल मुरादाबाद में चिंता की स्थिति नहीं है। फिर भी स्थिति की निगरानी की जा रही है। जिले में 34 बाढ़ चौकियां सक्रिय है और 22 शेल्टर होम भी प्रशासन की ओर से चिह्नित कर प्रबंध किए गए हैं।

# जिलाधिकारी का आदेश हवा, पाकबड़ा में खतरा टालने के उपाय नहीं



मुरादाबाद- लापरवाही - हाईवे पर डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने को 75 लाख रुपये का एस्टीमेट बना दिखावा बरेली-मुरादाबाद हाईवे पर पाकबड़ा जीरो प्वाइंट से होटल रिजेंसी तक का करीब 600 मीटर का सफर खतरे वाला है। यहां डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने की चर्चा को कई महीने हो गए हैं। लेकिन, अभी तक इसके लिए कोई उपाय प्रारंभ नहीं हुए हैं। जबकि यहां अक्सर हादसे होते हैं। कभी-कभी वाहन डिवाइडर पार कर विपरीत दिशा में चले जाते हैं और हादसों में कई लोगों की जान चली जाती है। डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने का मामला दो बार जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी उठ चुका है। पिछली बैठक में ही जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचएआई ) के अधिकारियों से डिवाइडर की दो फिट और ऊंचाई बढ़ाने को कहा था लेकिन, अधिकारियों ने अनसुनी कर दी। इस बार 28 जून को फिर हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यही बात उठी। ये तो अधिकारियों के निर्देश-आदेश हैं, अनुपालन करना या न करना उनकी मनमर्जी है लेकिन, समस्या सफर करने वालों के लिए है। वाहन चालक थोड़ा सा चूका तो उसमें सवार लोगों की जान खतर में पड़ जाती है। यह बोले- साइट इंचार्ज-एनएचएआई मुरादाबाद डिवीजन के सहायक अभियंता गुरुविंदर सिंह और साइट इंजीनियर मोहम्मद नोमान बताते हैं कि संबंधित एजेंसी ने करीब 600 मीटर डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने में 75 लाख रुपये के खर्च का आकलन कर एस्टीमेट बना दिया है। यह अधिक लागत वाला एस्टीमेट है। जिसे रिव्यू करने को कहा गया है। खतरे वाले मार्ग से गुजरते हैं प्रदेश भर के वाहन- पाकबड़ा कस्बे में बरेली-मुरादाबाद हाईवे के दोनों ओर घनी आबादी बसी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों के वाहन लखनऊ और प्रयागराज के लिए इसी हाईवे से होकर आवागमन कर रहे हैं। स्थानीय वाहनों के साथ ही अन्य राज्यों के वाहनों का आवागमन अधिक रहता है। ऐसे में पाकबड़ा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। पाकबड़ा हाईवे के दो स्थानों में ब्लैक स्पॉट हैं। मेडिकल कालेज के सामने और जीरो प्वाइंट ब्लैक स्पॉट है। पाकबड़ा जीरो प्वाइंट से होटल रिजेंसी तक हाईवे के दोनों तरफ से रेलिंग लगाएंगे। मानकों के हिसाब से एस्टीमेट बना रहे हैं, लोहे की रेलिंग लगाने की योजना है। -अनुज जैन, परियोजना निदेशक

# नौ साल में केंद्र सरकार ने किया विकास, पारदर्शिता से मिला योजनाओं का लाभ



मुरादाबाद-केंद्र सरकार के नौ साल बेमिसाल रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने भाई भतीजावाद, परिवारवाद को पोषित करने की जगह देशहित में काम कर रही है। यह बातें भाजपा नेता व देहात विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे केके मिश्र ने रामगंगा विहार के रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत में कही। देश में रोजगार बढ़ा है, सामाजिक अपराध घटे हैं। सरकार गरीब कल्याण और सुशासन के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं 40 परिवारों में संपर्क किया है। जिले में पिछले विधानसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता न मिलने के सवाल पर कहा यहां की जनता को भी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। संपर्क से समर्थन अभियान नगर और देहात विधानसभा में लगभग पूरा हो चुका है। आगामी लोकसभा चुनाव में सभी मिलकर पार्टी की ओर से भी जो भी प्रत्याशी आएगा उसे जिताकर देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे। इस दौरान महानगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।परिवारवाद, भाई भतीजावाद से परे देशहित में काम कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरा होने पर रामगंगा विहार के रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा नेता केके मिश्र व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा।

# नाला में गिरी गाय, दरोगा ने वर्दी पहन रेस्क्यू कर बचाई जान...हर तरफ हो रही प्रशंसा



मुरादाबाद-कटघर थाना इलाके में एकता विहार के पास नाले में एक गाय गिर गई। रामपुर दोराहा चौकी प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियों ने वर्दी में ही गाय का रेस्क्यू करना शुरू कर दिया। वह जूते उतारकर खुद नाले में उतर गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को नाले से बाहर निकाला गया। खास बात यह रही कि रेस्क्यू ऑपरेशन में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दरअसल, पूरा मामला गुरुवार सुबह का है।चौकी प्रभारी बकरीद की शांति व्यवस्था ड्यूटी में गोट गांव में तैनात थे। उसी दौरान उन्हें गाय के दलदल में फंसने की सूचना मिली। थाना कटघर के चौकी इंचार्ज ओम शुक्ला घटनास्थल पर पहुंचे और वहां रूककर आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया। तभी दोपहर की नमाज पढ़कर आ रहे नमाजी गाय को नाले में फंसा देख मदद के लिए रुक गए और मोटी रस्सी मंगवाकर उसके सहारे गाय को निकालने की कोशिश की। गाय के दलदल में ज्यादा फंसे होने की वजह से बाहर ना निकलने पर जेसीबी बुलाई गई। चौकी इंचार्ज ओम शुक्ला ने अपनी वर्दी और मुस्लिम नमाजियों ने अपने कपड़ों की परवाह किए बिना जेसीबी की मदद से रस्सी से गाय को बांधकर बमुश्किल बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। इस पूरे रेस्क्यू का वीडियो बनाकर लोगों ने वायरल कर दिया है।

# नदियों में अवैध खनन किसी भी हालत में न हो, इसको अधिकारी सुनिश्चित करें

मुरादाबाद -आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि बिजली पोल से संबंधित सभी समस्याओं पर विशेष ध्यान दें तथा एक अभियान चलाकर सभी विद्युत पोलों को चैक करवाया जायें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि नदी से अवैध खनन किसी भी हालत में न होने पायें, इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाये। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि नदी के किनारे एक कार्ययोजना बनाकर वृक्षारोपण करवाया जाये, इसमें शिथिलता न बरती जायें। उन्होंने नगर निगम के संबंधित अधिकारी से नालियों में बह रहें गोबर के संबंध में उचित कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सोर्सिग हब संचालित किये जाने के सम्बन्ध मे संबंधित अधिकारी एम0डी0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 28.03.2023 को सम्पन्न हुई प्राधिकरण की 132वीं बैठक में प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में प्राधिकरण द्वारा एक समिति गठित की गयी है। समिति द्वारा सोर्सिंग हब के संचालन हेतु आवश्यक नियम व शर्तो को निर्धारित किए जाने के संबंध में परीक्षण कर विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र ही प्रस्तुत किया जायेगा। रामपुर रोड, एकता विहार, कबीर नगर, काशीपुर तिराहा पर पानी निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में सचिव एम0डी0ए0 ने अवगत कराया कि उक्त समस्या के निवारण हेतु जीरो प्वाइंट, रामपुर रोड से राजकिरन इंटर कालेज को जाने वाले मार्ग से होते हुए कालेज के पीछे स्थित प्राकृतिक नाला बनाये जाने का प्रस्ताव है। मौहम्मदपुर बस्तोर सम्भल रोड, मुरादाबाद पर नाले के निर्माण के सम्बन्ध में एमडीए के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में परियोजना की पूर्व स्वीकृत लागत को वर्तमान दरों पर संशोधित कर दिया गया है, जिसके अनुसार परियोजना के संशोधित लागत 2446 लाख हो गयी है। उन्होंने बताया कि परियोजना का वित्त पोषण शासन की अवस्थापना निधि से किए जाने हेतु शासन से अनुरोध किया जा रहा है। जनपद मुरादाबाद में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 100 बेड का चिकित्सालय स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में राज्य कर्मचारी बीमा निगम मुरादाबाद के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध मे अग्रेत्तर कार्यवाही की जा रही है। जनपद सम्भल मे गंगा एक्सप्रेस मार्ग के पास इण्डस्ट्रीयल एरिया स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में यूपीसीडा के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उपजिलाधिकारी सम्भल से ग्राम खिरनी, पवासा एवं जंगलपुर तहसील सम्भल जनपद जनपद के ग्राम सजरा पर इंडस्ट्रियल एरिया हेतु चिन्हित भूमि को दर्शाते हुए भूमि से संबंधित पूर्ण विवरण चाह गया है। मण्डलायुक्त द्वारा कहा गया बढ़ावा देने के लिये मुरादाबाद मण्डल का इन्फ्रास्ट्रक्चर को अच्छा करना अत्यन्त आवश्यक हैं। उन्होंने कहा की उद्यमियों की समस्याओ के निवारण के लिये सिंगल विण्डो सिस्टम जारी किया गया है तथा उद्यमियों की जो भी समस्याएं है उसका गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

# तीस हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए बिजली विभाग के लिपिक को भेजा जेल

मुरादाबाद-तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए बिजली विभाग के लिपिक शरद भटनागर को दोपहर बरेली कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

गलशहीद के भूड़े का चौराहा मो. सिराज की शिकायत पर निरीक्षक विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एंटी करप्शन टीम की टीम ने शिवपुरी बिजली घर में तैनात लिपिक शरद भटनागर को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया था।

मो. सिराज ने बताया था कि उनके चचेरे भाई तालिब हुसैन के घरेलू कनेक्शन की चेकिंग में जेई ने बिजली का लोड 148 वाट बताते हुए अपनी रिपोर्ट दी थी। लोड का सेटेलमेंट कराने के लिए वह शिवपुरी के बिजलीघर पहुंचे तो लिपिक शरद भटनागर ने रिश्वत मांगी थी। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में कटघर थाने में केस दर्ज कराया गया था। मझोला के बुद्धि विहार निवासी शरद भटनागर को बरेली कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस मामले में विवेचना पूरी करने के बाद जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी।


## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# कुंभ मेले की तैयारियों में जुटी सरकार : जल शक्ति मंत्री ने कहा, तीन माह में सभी एसटीपी चालू कराएं



कुंभ मेले से पहले गंगा को पूर्णत स्वच्छ व निर्मल बनाने की मुहिम चल रही है। इसके लिए बनाई गई कार्ययोजना पर अधिकारियों के साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंथन किया।वर्ष-2025 में होने वाले प्रयागराज कुंभ की तैयारियों के लिए सिंचाई विभाग ने कमर कस ली है। इस बाबत पूरी कार्ययोजना तैयार की गई है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि खास तौर पर गंगा व उसकी सहायक नदियों में गिरने वाला दूषित जल रोकना होगा। इसके लिए तीन माह में सभी एसटीपी या दूसरे संयंत्र चालू कर दिए जाएं। सभी संबंधित विभागों से इसमें समन्वय स्थापित किया जाए।कुंभ मेले से पहले गंगा को पूर्णत स्वच्छ व निर्मल बनाने की मुहिम चल रही है। इसके लिए बनाई गई कार्ययोजना पर अधिकारियों के साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंथन किया। इस मौके पर गंगा एवं उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन ने प्रस्तुतिकरण दिया जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित किए जा रहे एसटीपी व सीईटीपी की वर्तमान स्थिति बताई गई।बताया गया कि सीवेज उत्सर्जन, उत्प्रवाह के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में एसटीपी या निर्माणाधीन है। कुछ की टेंडर एवं डीपीआर अनुमोदन की प्रक्रिया में है। गंगा नदी में प्रदूषण की पहले से कम हुआ है। गंगा पोल्यूशन स्ट्रेच प्रयोरिटी चौथे से अब पांचवी में पहुँच गई है। जिन एसटीपी में मानक पूरे नहीं हुए उन पर दोबारा बदले डिजाइन आधारित संयंत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## निगरानी बेहद जरूरी

बैठक में कहा गया कि प्रदूषण विभाग यदि और गंभीरता से निगरानी करे तो प्रदूषण पर तगड़ी लगाम लग सकती है। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि उत्प्रवाह की सतत निगरानी करते रहें। सभी परियोजनाओं को विभिन्न विभाग समय से पूरा किया जाए। नमामि गंगे के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नियमित रूप से एसटीपी व औद्योगिक इकाईयों के इनलेट और आउटलेट की जांच होनी ही चाहिए। परियोजना निदेशक डा. बलकार सिंह ने बताया कि हिंडन बेसिन में गिर रहे सभी नालों को टैप करने की परियोजना स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 75 जिला गंगा समितियों का गठन किया जा चुका है।

# सर्व सेवा संघ भवन पर आज चलेगा बुलडोजर: गेट पर विरोध प्रदर्शन शुरू, अजय राय समेत कई नेता पहुंचे

वाराणसी में जिला प्रशासन शुक्रवार यानि आज सर्व सेवा संघ भवन पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। कांग्रेस इस मामले को लेकर मुखर है। तो वहीं देश भर के बुद्धिजीवी, गांधीवादी और विचारक इस आदेश के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ को रेलवे जिला प्रशासन के तोड़े जाने के विरोध में शुक्रवार को चांदी विचारकों के साथ कई राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। विरोध कर रहे लोगों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी किया। हाथ में बैनर पोस्टर लेकर विरोध कर रहे लोगों ने पीएम मोदी और सीएम योगी समेत जिला प्रशासन, कमिश्नर और डीएम के खिलाफ नारेबाजी की। राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ को रेलवे जिला प्रशासन के तोड़े जाने के विरोध में शुक्रवार को चांदी विचारकों के साथ कई राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। विरोध कर रहे लोगों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी किया। हाथ में बैनर पोस्टर लेकर विरोध कर रहे लोगों ने पीएम मोदी और सीएम योगी समेत जिला प्रशासन, कमिश्नर और डीएम के खिलाफ नारेबाजी की। सर्व सेवा संघ के प्रवेश द्वार पर धरना दे रहे लोगों ने आरोप लगाया कि सर्व सेवा संघ की जमीन को सत्ता के इशारे पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले एक माह से सर्व सेवा संघ के लोग प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध प्रदर्शन कर रहे है। राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ भवन पर 30 जून को प्रशासन बुलडोजर चलवायेगा। जिसको लेकर तमाम बुद्धिजीवी, गांधीवादी और विचारक इस आदेश के खिलाफ एकजुट होकर सर्व सेवा संघ के गेट बंद पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। समिति के के लोगों का कहना है कि सर्व सेवा संघ तोड़ने के फैसले पर प्रशासन को दुबारा सोचना चाहिए। इस धरोहर को बचाने के लिए महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी समेत तमाम नेताओं से भी अपील की है। रेलवे की ओर से 13 एकड़ में बने सर्व सेवा संघ को जमींदोज करने की तैयारी है। जिसको लेकर रेलवे प्रशासन ने पहले ही नोटिस जारी कर सूचित कर दिया था। जिसके बाद से सर्व सेवा संघ से सर्व सेवा संघ से जुड़े लोग प्रदर्शन कर रहे। सर्व सेवा संघ की जमीन के मालिकाना हक पर चल रहा विवाद जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की कोर्ट में चल रहा था। जहां सुनवाई के दौरान रेलवे के हक में फैसला दिया गया। उन्होंने सर्व सेवा संघ का निर्माण अवैध करार देते हुए जमीन को उत्तर रेलवे की संपत्ति माना है। सर्व सेवा संघ भवन को ध्वस्त करने के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन ने 30 जून 2023 की तिथि नियत कर दी गई है।



## विरोध प्रदर्शन में पहुंचे अजय राय समेत कई नेता

राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ के ध्वस्तीकरण को लेकर विरोध का स्वर तेज हो गया है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय राय समेत कई नेता शुक्रवार को सर्व सेवा संघ पहुंचे। हालांकि हाईकोर्ट में इसको लेकर एक याचिका भी दायर की गई है। जिसपर शुक्रवार को सुनवाई होनी है। सर्व सेवा संघ में भारी फोर्स के साथ भवन का ध्वस्तीकरण कर पूरे जमीन को खाली कराया जाएगा। इस जमीन पर कार्रवाई के लिए रेलवे द्वारा नोटिस जारी की जा चुकी है। इस मामले में महात्मा गांधी की विरासत को बचाने के लिए वहां रहने वाले गांधीवादी नेताओं ने विरोध किया, लेकिन प्रशासन अपनी बात पर अडिग है। उधर, प्रियंका गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि भाजपाई प्रशासन द्वारा इसे अवैध बताकर कार्यवाही शुरू करना महात्मा गांधी के विचारों और उनकी विरासत पर एक और हमला करने की कोशिश है। सर्व सेवा संघ की जमीन को बचाने के लिए देश भर से गांधीवादी विचारक व बुद्धिजीवी वाराणसी पहुंचने लगे हैं। भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर और प्रो. आनंद कुमार भी वाराणसी पहुंच सकते हैं। इसके अलावा डॉ सुनीलम, पूर्व सांसद अनिल हेगड़े, रघु ठाकुर, अमरनाथ, महादेव, बिहार से विनोद रंजन, पंकज, विजय, मनोहर मानव, सत्येंद्र सिंह, जेपी सिंह और अनोखेलाल सहित 50 से अधिक लोग पहुंच चुके हैं। इसके अलावा लोकतंत्र सेनानी विजय नारायण, पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह, राधेश्याम सिंह, सतनाम सिंह, कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय, संजीव सिंह, विनय राय मुन्ना, गांधी स्मारक निधि के लाल बहादुर राय, राबर्ट्सगंज से पूर्व चेयरमैन समाजवादी अजय शेखर भी पहुंच रहे हैं।

# गीताप्रेस की तैयारियां पूरी: शिव महापुराण का विशिष्ट अंक छपकर तैयार, अब PM मोदी का इंतजार

गोरखपुर से चलने वाली पूर्वोत्तर रेलवे की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस की तैयारियां तेज हो गई हैं। सात जुलाई को प्रधानमंत्री इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। ट्रेन चलाने के लिए चेन्नई की कोच फैक्ट्री से बृहस्पतिवार को बोगियां गोरखपुर के लिए रवाना हो गईं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर गीताप्रेस ने अपनी तैयारी कर ली है। शिव महापुराण का विशिष्ट अंक छपकर तैयार हो गया है। 200 रंगीन शिव लीला चित्रों वाले इस विशिष्ट अंक का विमोचन प्रधानमंत्री नरेंद्र करेंगे। 1,088 पृष्ठ की इस पुस्तक का मूल्य 1,500 रुपये रखा गया है। पहले संस्करण में पांच हजार पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं।गीता प्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी ने बताया कि 200 रंगीन लीला चित्रों के साथ आर्ट पेपर पर शिव महापुराण के प्रकाशन पहली बार हुआ है। हनुमान चालीसा को पहली बार आर्ट पेपर पर चित्रों के साथ छापा गया था। अब इसके बाद श्रीमद्भागवत गीता, रामचरितमानस, दुर्गा सप्तशती, सुंदर कांड और शिव पुराण को छापा गया है। बताया कि शिव महापुराण की अब तक 22.5 लाख से अधिक प्रतियां हिंदी, गुजराती, बांग्ला, तेलुगू, कन्नड़, तमिल और उड़िया भाषा में प्रकाशित हो चुकी हैं। गीता प्रेस से अब तक सात भाषाओं में शिव महापुराण का प्रकाशन हो चुका है। इनमें सबसे ज्यादा हिंदी, दूसरे स्थान पर गुजराती भाषा की प्रतियां छापी गई हैं।गोरखपुर से चलने वाली पूर्वोत्तर रेलवे की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस की तैयारियां तेज हो गई हैं। सात जुलाई को प्रधानमंत्री इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। ट्रेन चलाने के लिए चेन्नई की कोच फैक्ट्री से बृहस्पतिवार को बोगियां गोरखपुर के लिए रवाना हो गईं। शनिवार तक इसके यहां पहुंचने की संभावना है। ट्रेन चलाने के लिए अभी कोई रूट और समय तय नहीं है। बताया जा रहा है कि वंदे भारत एक्सप्रेस का पहला रूट गोरखपुर-लखनऊ ( वाया अयोध्या ) प्रयागराज हो सकता है।वंदे भारत को गोरखपुर से लखनऊ होते हुए प्रयागराज तक चलाने की तैयारी है। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। गोरखपुर से ट्रेन दोपहर तीन बजे रवाना होकर शाम 7.20 बजे लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ से प्रस्थान कर रात 10.50 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। प्रयागराज से यह ट्रेन सुबह 6.20 बजे प्रस्थान करके सुबह 9.50 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से दोपहर 2.20 बजे गोरखपुर आएगी। 130 की होगी स्पीड, सिग्नल की बढ़ा रहे क्षमतावंदे भारत ट्रेन चलाने के लिए गोरखपुर-लखनऊ रूट पर ऑटोमेटिक सिग्नल लगाए जा रहे हैं। इससे इस रूट पर ट्रेनें 110 की जगह 130 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेंगी। लेकिन, जब तक यह कार्य पूरा नहीं होगा गोरखपुर से लखनऊ तक ट्रेन 110 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी। एनईआर सीपीआरओ पंकज सिंह ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली रैक मिल चुकी है। इसके गोरखपुर आते ही ट्रेन के संचालन का ट्रायल किया जाएगा।गोरखपुर रेलवे स्टेशन भवन के पुनर्विकास योजना का भी प्रधानमंत्री शिलान्यास कर सकते हैं। रेलवे स्टेशन को आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा। भवन के पुनर्विकास योजना की नई डिजाइन और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट ( डीपीआर ) को रेल प्रशासन ने रेलवे बोर्ड को भेज दी है। अब निर्माण कार्य की लागत 612 करोड़ रुपये से बढ़कर 693 करोड़ हो गई है। सहजनवां-दोहरीघाट नई रेल लाइन का भी होगा शिलान्यास-सहजनवां से दोहरीघाट के बिछाई जाने वाली नई रेल लाइन का भी शिलान्यास प्रधानमंत्री कर सकते हैं। इस रेल लाइन को बिछाने के लिए जमीन अधिग्रहण की तैयारी चल रही है। सहजनवा-दोहरीघाट नई रेल लाइन को चार साल में बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट तीन चरणों में पूरा होगा। पहला चरण मार्च-24 में पूरा होगा। इसमें सहजनवा से बैदौली तक 27 किलोमीटर तक रेल लाइन बिछाई जाएगी।कृषि विश्वविद्यालय का भी होगा शिलान्यास- कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री के हाथों शिलान्यास होगा। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। प्रधानमंत्री इसके लिए कुशीनगर जाएंगे या गीता प्रेस में होने वाले कार्यक्रम से ही शिलान्यास कर देंगे यह तय नहीं है। प्रशासन के मुताबिक दो दिनों में तस्वीर साफ हो जाएगी।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
KNLSLIVE
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# सशस्त्र सीमा बल भिनगा की कम्पनियो के बीच वॉलीबाल मैच का हुआ आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -श्रावस्ती संदीप कुमार जेटली , द्वितीय कमान अधिकारी ( कार्यवाहक कमान्डेंट ) 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के दिशा निर्देशन में 'ई' कम्पनी भैसाईनाका के प्रांगण में 'एफ़' कम्पनी सशस्त्र सीमा बल, सोनपथरी एवं 'ई' कम्पनी सशस्त्र सीमा बल भैसाई नाका के बीच वालीबाल मैच का आयोजन किया गया इस दौरान 'एफ़' कम्पनी सोनपथरी एवं 'ई' कम्पनी भैसाईनाका के बीच 03 वालीबाल मैच खेला गया जिसमे ई' कम्पनी भैसाईनाका तीन/दो से बिजयी रही इस मौके पर 'ई' कम्पनी भैसाई नाका प्रभारी उप निरीक्षक सुमन कल्याण एवं उनकी टीम के जवान मुख्य आरक्षी राकेश सिंह यादव, आरक्षी सुनील कुमार,मुख्य आरक्षी समनजीत, मुख्य आराखी मानवेन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षी रमेश यादव, आरक्षी पियूष कान्त राय, एवं 'एफ़' कम्पनी सोनपथरी से मुख्य आरक्षी नरेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम के जवान आरक्षी दुर्गेश कुमार यादव, आरक्षी तन्मय राय, आरक्षी अखिलेश कुमार, आरक्षी तरसेम सिंह, आरक्षी मृत्युंजय कुमार, आरक्षी राहुल कुमार वालीबाल मैच में प्रतिभाग किये



# नहीं थम रहा आम के हरे पेड़ों का कटान



प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

